Section50

भाग-स संलग्न दस्तावेज

1) अद्यतित खसरा पाँचसाला पी-11।
2) खसरा अक्स मय बटांकन।
3) भूमि की सीमांकन रिपोर्ट (चर्तुसीमाओं सहित), फील्डबुक, पंचनामा एवं प्रतिवेदन सहित।
4) यदि आवेदक भूमि स्वामी से भिन्न हैं अथवा संयुक्त स्वामी है तो ऐसी स्थिति में भू-स्वामी की सहमति पत्र

भाग-द वांछनीय/अवांछनीय

1.0 प्रशनाधीन भूमि का निर्देशक रेखांक (की प्लान) 1:10000 के मान से (अभिन्यास का भाग)।

ऊँचे भवनों की दशा में अतिरिक्त जानकारी

1. यातायात आयोजना- विद्यमान सड़क की चौड़ाई, प्रस्तावित सड़क की चौड़ाई, प्रवेश तथा निर्गम की व्यवस्था, सेवा मार्ग की व्यवस्था, भूखण्ड तथा उससे संलग्न क्षेत्रों की व्यापक परिसंचारण योजना, यानों की पार्किंग के लिये व्यवस्था दर्शाते हुए मानचित्र।
2. अग्निरोध, अग्नि शमन तथा अग्नि सुरक्षा योजना, अग्नि का पता लगाने तथा अग्नि शमन व्यवस्थाओं के ब्यौरे।
3. सेवाओं की योजना- आंतरिक जल प्रदाय , गंदी नाली (सीवरेज) जल निकास, बिजली (पावर), दूर संचार, कूड़ा व्ययन (गारबेज डिस्पोजल) तथा सामान्य स्थानों की सफाई (स्केवेजिंग)।
4. स्थापत्य, प्रत्येक तल के रेखांक, अनुप्रस्थ काट की आवश्यक संख्या, प्रत्येक बाजू की ऊँचाई, प्रसाधन खण्डों तथा रसोई के ब्यौरे, भू दृश्यकरण (लेंडेस्कपिंग) तथा वृक्षारोपण के ब्यौरे, विद्युत खम्भों से बिजली संयोजनों (पावर कनेक्शन) की प्रणाली, टेलीफोन के खम्बे, कूड़ादानों, विभिन्न यानों की पार्किंग, नालियों, ओवर हेड टैंक, भूमिगत जल टैंक को आवृत्त करना।